arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

SSC

स्टेनोग्राफर

ग्रेड C & D

भर्ती परीक्षा 2023



पाठ्यक्रम का सम्पूर्ण कवरेज

- सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति
- सामान्य जागरूकता
- अंग्रेजी भाषा

3500+
वस्तुनिष्ठ प्रश्न (प्रैक्टिस हेतु)

सॉल्वड पेपर्स 2022-2013 के साथ

SSC

स्टेनोग्राफर

ग्रेड C & D

भर्ती परीक्षा 2023

SSC

स्टेनोग्राफर

ग्रेड C & D

भर्ती परीक्षा 2023

लेखकगण
प्रदीप श्रीवास्तव
सुशील सिंह
दिपाली

arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड

सर्वाधिकार सुरक्षित

© प्रकाशक

इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके—इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरण नहीं किया जा सकता है। 'अरिहन्त' ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं हैं।

सभी प्रतिवाद का न्यायिक क्षेत्र 'मेरठ' होगा।

रजि. कार्यालय
'रामछाया' 4577/15, अग्रवाल रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली- 110002
फोन: 011-47630600, 43518550

मुख्य कार्यालय
कालिन्दी, टी०पी० नगर, मेरठ (यूपी)– 250002
फोन: 0121-7156203, 7156204

शाखा कार्यालय
आगरा, अहमदाबाद, बरेली, बंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, झाँसी, कोलकाता, लखनऊ, नागपुर तथा पुणे

मूल्य ₹ 410.00

PO No : TXT-XX-XXXXXXX-X-XX

PUBLISHED BY ARIHANT PUBLICATIONS (INDIA) LTD.

'अरिहन्त' की पुस्तकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.arihantbooks.com** पर लॉग इन करें या **info@arihantbooks.com** पर सम्पर्क करें।

Follow us on...

विषय-सूची

सॉल्वड पेपर्स

- 18 नवम्बर, 2022 3-22
- 17 नवम्बर, 2022 23-44
- 15 नवम्बर, 2021 3-22
- 12 नवम्बर, 2021 23-42
- 11 नवम्बर, 2021 43-62
- 24 दिसम्बर, 2020 1-18
- 07 फरवरी, 2019 1-18
- 11 सितम्बर, 2017 1-16
- 31 जुलाई, 2016 1-16
- 27 दिसम्बर, 2015 1-16
- 19 अप्रैल, 2014 1-16
- 29 दिसम्बर, 2013 1-12

भाग 1 1-116

सामान्य जागरूकता

- भारत का इतिहास 3-30
- आधुनिक विश्व का इतिहास 31-35
- भूगोल 36-55
- भारतीय राजव्यवस्था 56-66
- भारतीय अर्थव्यवस्था 67-75
- सामान्य विज्ञान 76-96
- कम्प्यूटर (संगणक) 97-101
- विभिन्न तथ्य एवं आँकड़ें 102-115

भाग 2 1-82

सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

भाषिक

- वर्गीकरण 3-5
- सादृश्यता 6-9
- वर्णमाला परीक्षण 10-14
- कोडिंग और डिकोडिंग 15-20
- गणितीय संक्रियाएँ 21-24
- शृंखला 25-29

- दिशा परीक्षण 30-34
- व्यवस्थित क्रम परीक्षण 35-38
- रक्त सम्बन्ध 39-43
- कैलेण्डर तथा घड़ी 44-48
- खाली स्थान को भरना 49-52
- पासा एवं घन 53-56
- तार्किक निगमन 57-60

अभाषिक

- आकृति पूर्ति परीक्षण 61-62
- आकृति गणना परीक्षण 63-64
- कागज मोड़ना तथा काटना 65-67
- दर्पण एवं जल 68-69
- आव्यूह परीक्षण 70-75
- अन्तः स्थापित रेखाचित्र 76-79
- लिपिकीय अभियोग्यता 80-82

भाग 3 1-118

English Language & Comprehension

- Common Errors 3-40
- Antonyms and Synonyms 41-54
- Spelling (s) 55-60
- Direct and Indirect Speech 61-68
- Active and Passive Voice 69-74
- Sentence Completion 75-77
- Sentence Improvement 78-80
- Rearrangement of Sentences to Make a Paragraph 81-88
- Idioms and Phrases 89-98
- Cloze Test 99-106
- Comprehension 107-118

PAPER PATTERN

Part	Subject	No. of Questions	Maximum Marks	Total Duration
I	General Intelligence & Reasoning	50	50	2 Hours 40 Mins (2 hours and 40 minutes of the cadidates eligible for scribe as per Para-6(a), 6(b) and 6(c) of this Notice of examination
II	General Awareness	50	50	
III	English Language & Comprehension	100	100	

Indicative Syllabus for Computer Based Mode Examination:

(a) **General Intelligence & Reasoning:** It would include questions of both verbal and non-verbal type. The test will include questions on analogies, similarities and differences, space visualization, problem solving, analysis, judgment, decision making, visual memory, discriminating observation, relationship concepts, arithmetical reasoning, verbal and figure classification, arithmetical number series, non-verbal series etc.

The test will also include questions designed to test the candidate's abilities to deal with abstract ideas and symbols and their relationship, arithmetical computation and other analytical functions.

(b) **General Awareness:** Questions will be designed to test the ability of the candidates general awareness of the environment around him and its application to society. Questions will also be designed to test the knowledge of current events and of such matters of everyday observation and experience in their scientific aspects as may be expected of an educated person. The test will also include questions relating to India and its neighboring countries especially pertaining to Sports, History, Culture, Geography, Economic scene, General Polity including Indian Constitution, and Scientific Research etc. These questions will be such that they do not require a special study of any discipline.

(c) For VH candidates of 40% and above visual disability, there will be no component of Maps/Graphs/Diagrams/Statistical Data in the General Intelligence & Reasoning/ General Awareness Paper.

(d) **English Language & Comprehension:** In addition to the testing of candidates' understanding of the English Language, its vocabulary, grammar, sentence structure, synonyms, antonyms and its correct usage, etc., his/ her writing ability would also be tested.

सॉल्वड पेपर
2022

सॉल्वड पेपर
18 नवम्बर, 2022 प्रथम पाली

कर्मचारी चयन आयोग (SSC)
स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'C' & 'D')
भर्ती परीक्षा 2022


भाग-I सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

1. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बन्धित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण हिन्दी के शब्दों के रूप में माना जाना चाहिए और इन्हें शब्द में अक्षरों की संख्या/व्यंजनों की संख्या/स्वरों की संख्या के आधार पर एक-दूसरे से सम्बद्ध नहीं किया जाना चाहिए।)
जन्तु : जूलॉजी (Zoology) : : पौधे : ?
(a) जियोलॉजी (Geology)
(b) बायोलॉजी (Biology)
(c) पेलिऑण्टोलॉजी (Palaeontology)
(d) बॉटनी (Botany)

⊙ ***(d)*** जिस प्रकार, जन्तुओं का अध्ययन जूलॉजी के अन्तर्गत किया जाता है, उसी प्रकार, पौधों का अध्ययन बॉटनी के अन्तर्गत किया जाता है।

2. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हों, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।/करते हैं।
कथन
सभी ट्रोजन, फेयरी हैं।
कोई फेयरी, फूल नहीं है।
सभी वायरस, ट्रोजन हैं।
निष्कर्ष
I. कोई फूल, ट्रोजन नहीं है।
II. कुछ वायरस, ट्रोजन हैं।
III. कोई ट्रोजन, वायरस नहीं है।
(a) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(b) निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं
(c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

⊙ ***(a)*** कथनानुसार,



निष्कर्ष I. (✓) II. (✓) III. (✗)
अतः I और II अनुसरण करते हैं।

3. निम्नलिखित समीकरण को सन्तुलित करने के लिए विकल्पों में दी गई किन दो संख्याओं को परस्पर बदलना होगा?
$(357 \div 2 + 3) \div 11 - 4 = (28 \times 3 + 7) \div 9$
(a) 2 और 9 (b) 11 और 28 (c) 2 और 3 (d) 7 और 9

⊙ ***(c)*** दी गई समीकरण, $(357 \div 2 + 3) \div 11 - 4 = (28 \times 3 + 7) \div 9$
विकल्प (c) से, 2 और 3 को आपस में बदलने पर,
$(357 \div 3 + 2) \div 11 - 4 = (28 \times 2 + 7) \div 9$
$\Rightarrow (119 + 2) \div 11 - 4 = (56 + 7) \div 9$
$\Rightarrow \quad \frac{121}{11} - 4 = \frac{63}{9}$
$\Rightarrow \quad 11 - 4 = 7 \quad \Rightarrow \quad 7 = 7$

4. एक कूटभाषा में, 'AMIT' को 86 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'VIJAY' को 134 के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूटभाषा में 'GARIMA' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?
(a) 98 (b) 67 (c) 78 (d) 49

⊙ ***(a)*** जिस प्रकार, $\overset{1\ 13\ 9\ 20}{A\ M\ I\ T} \Rightarrow (1 + 13 + 9 + 20) \times 2 = 43 \times 2 = 86$
तथा $\overset{22\ 9\ 10\ 1\ 25}{V\ I\ J\ A\ Y} \Rightarrow (22 + 9 + 10 + 1 + 25) \times 2 = 67 \times 2 = 134$
उसी प्रकार, $\overset{7\ 1\ 18\ 9\ 13\ 1}{G\ A\ R\ I\ M\ A} \Rightarrow (7 + 1 + 18 + 9 + 13 + 1) \times 2$
$= 49 \times 2 = \boxed{98}$

5. तीन कथनों के बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, यह निर्णय कीजिए कि कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।


कथन सभी दाढ़ी, नाखून हैं।
कुछ नाखून, अंगूठियाँ हैं।
सभी अंगूठियाँ, पेंडेंट हैं।

निष्कर्ष

I. सभी अंगूठियाँ कभी भी नाखून नहीं हो सकती हैं।
II. कुछ दाढ़ी, अंगूठियाँ हैं।
III. कुछ नाखून, पेंडेंट हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
(b) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(c) निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
(d) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है

⊙ ***(d)*** कथनानुसार,



निष्कर्ष I. (✗) II. (✗) III. (✓)
अतः केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है।

6. नीचे तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सही है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न लगे, निर्णय करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं?


कथन कोई खिलौना, सुन्दर नहीं है।
कुछ सुन्दर, अभिनेत्रियाँ हैं।
सभी अभिनेत्रियाँ, अमीर हैं।

निष्कर्ष

I. कोई खिलौना, अमीर नहीं है।
II. कुछ अभिनेत्रियाँ, सुन्दर हैं।
III. कुछ अभिनेत्रियाँ, अमीर हैं।

(a) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(b) निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं
(c) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं

⊙ ***(b)*** कथनानुसार,



निष्कर्ष I. (✗) II. (✓) III. (✓)
अतः निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं।

7. एक कूटभाषा में, 'PARUL' को 'RDTXN' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MADHU' को 'ODFKW' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूटभाषा में 'VIJAY' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?

(a) XLMDA (b) XMLCA
(c) XLLDA (d) XKLCB

⊙ ***(c)*** जिस प्रकार,

P A R U L
+2 +3 +2 +3 +2
R D T X N

तथा

M A D H U
+2 +3 +2 +3 +2
O D F K W

उसी प्रकार,

V I J A Y
+2 +3 +2 +3 +2
X L L D A

8. विकल्पों में से उस समुच्चय का चयन करें, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वहीं सम्बन्ध नहीं है, जो सम्बन्ध नीचे दिए गए समुच्चय में दी गई संख्याओं के बीच है।

(**नोट** : संख्याओं को उसके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर गणितीय संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13-गणितीय संक्रियाएँ जैसे कि जोड़ना/घटाना/गुणा करना इत्यादि 13 में किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 के रूप में विभाजित करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(16, 11, 377)

(a) (16, 14, 452) (b) (18, 13, 493)
(c) (14, 12, 340) (d) (12, 15, 367)

⊙ ***(d)*** जिस प्रकार, (16, 11, 377)

$\Rightarrow \quad 16^2 + 11^2 = 256 + 121 = 377$

विकल्प (d) से, (12, 15, 367)

$\Rightarrow \quad 12^2 + 15^2 = 144 + 225 = 369 \neq 367$

9. निम्नलिखित समीकरणों को सन्तुलित करने के लिए विकल्पों में दिए गए किन दो चिह्नों को परस्पर बदलना होगा?

$(35 - 2) \times 3 = (56 \times 8 \div 3 + 100) \times 11$

(a) × और − (b) ÷ और +
(c) ÷ और − (d) × और ÷

⊙ ***(d)*** दिया गया व्यंजक, $(35 - 2) \times 3 = (56 \times 8 \div 3 + 100) \times 11$

विकल्प (d) से, × और ÷ को आपस में बदलने पर,

$(35 - 2) \div 3 = (56 \div 8 \times 3 + 100) \div 11$

$\Rightarrow \quad \frac{33}{3} = (7 \times 3 + 100) \div 11$

$\Rightarrow \quad 11 = (21 + 100) \div 11$

$\Rightarrow \quad 11 = \frac{121}{11} \quad \Rightarrow \quad 11 = 11$

10. निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर समूह प्रश्नचिह्न (?) का स्थान लेगा और दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?

GROW, NJGG, ?, BTQA, ILIK


(a) UBYQ (b) YDER (c) PSJW (d) VIWQ

⊙ ***(a)*** दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है,


G $\xrightarrow{+7}$ N $\xrightarrow{+7}$ U $\xrightarrow{+7}$ B $\xrightarrow{+7}$ I
R $\xrightarrow{-8}$ J $\xrightarrow{-8}$ B $\xrightarrow{-8}$ T $\xrightarrow{-8}$ L
O $\xrightarrow{-8}$ G $\xrightarrow{-8}$ Y $\xrightarrow{-8}$ Q $\xrightarrow{-8}$ I
W $\xrightarrow{+10}$ G $\xrightarrow{+10}$ Q $\xrightarrow{+10}$ A $\xrightarrow{+10}$ K

11. विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो निम्नांकित आकृति श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

प्रश्न आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ



(a) (b) (c) (d)

⊙ ***(a)*** दी गई आकृति श्रृंखला के प्रत्येक अगले पद में तीरनुमा आकृति और आयताकार आकृति दक्षिणावर्त दिशा में अगले कोने में चले जाते हैं और समचतुर्भुज वामावर्त दिशा में अगले कोने पर चला जाता है। आयताकार आकृति प्रत्येक अगले पद में अपने स्थान पर ही दक्षिणावर्त दिशा में 90° घूम जाती है।
अत: इस प्रकार श्रृंखला में प्रश्नचिह्न के स्थान पर उत्तर आकृति (a) आएगी।

12. I, J, K, L, M, N और O सात मित्र हैं जिनकी आयु अलग-अलग हैं। I, K से बड़ा है, लेकिन J से छोटा है। K, N से बड़ा है, लेकिन I से छोटा है। J, I से बड़ा है, लेकिन 2 व्यक्तियों से छोटा है। L, J से बड़ा है। M सबसे बड़ा नहीं है और O सबसे छोटा है। I और N के बीच कितने व्यक्तियों की आयु हैं?

(a) 3 (b) 1 (c) 0 (d) 2

⊙ ***(b)*** प्रश्नानुसार,
L > M > J > I > K > N > O
अत: I और N के बीच केवल 1 व्यक्ति की आयु है।

13. निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से आपस में संगत हैं, जबकि कोई एक उनसे असंगत है। असंगत अक्षर-समूह का चयन करें।

(a) PSKH (b) ADZE (c) TWGD (d) FIUR

⊙ ***(b)*** यहाँ $\overset{16}{P} + \overset{19}{S} + \overset{11}{K} + \overset{8}{H} = 54$


$\overset{1}{A} + \overset{4}{D} + \overset{26}{Z} + \overset{5}{E} = 36 \neq 54$

$\overset{20}{T} + \overset{23}{W} + \overset{7}{G} + \overset{4}{D} = 54$

$\overset{6}{F} + \overset{9}{I} + \overset{21}{U} + \overset{18}{R} = 54$

अत: ADZE अन्य सभी से भिन्न है।

14. दी गई आकृति में कितने वर्ग हैं?



(a) 53 (b) 28 (c) 54 (d) 27

⊙ ***(b)*** दी गई आकृति में,
सबसे छोटे वर्ग = 16
दूसरे सबसे छोटे वर्ग = 10
सबसे बड़े वर्ग = 2
∴ कुल वर्ग = 16 + 10 + 2 = 28

15. उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आकर श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण करेगा?

FRP, HTR, JVT, ?, NZX

(a) IWV (b) KWU
(c) IUS (d) LXV

⊙ ***(d)*** दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है,

$F \xrightarrow{+2} H \xrightarrow{+2} J \xrightarrow{+2} \boxed{L} \xrightarrow{+2} N$

$R \xrightarrow{+2} T \xrightarrow{+2} V \xrightarrow{+2} \boxed{X} \xrightarrow{+2} Z$

$P \xrightarrow{+2} R \xrightarrow{+2} T \xrightarrow{+2} \boxed{V} \xrightarrow{+2} X$

16. उस समूह का चयन करें, जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार सम्बन्धित हैं, जिस प्रकार दिए गए समूह की संख्याएँ हैं।
(**नोट** : गणितीय संक्रियाएँ संख्याओं को उसके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13-गणितीय संक्रियाएँ जैसे कि जोड़ना/घटाना/गुणा करना इत्यादि 13 में किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 के रूप में विभाजित करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(11, 100, 221)
(14, 104, 300)

(a) (17, 131, 410) (b) (15, 175, 390)
(c) (19, 121, 445) (d) (13, 162, 331)

⊙ ***(d)*** जिस प्रकार, (11, 100, 221)
⇒ $11^2 + 100 = 121 + 100 = 221$
तथा (14, 104, 300)
⇒ $14^2 + 104 = 196 + 104 = 300$
उसी प्रकार, (13, 162, 331)
⇒ $13^2 + 162 = 169 + 162 = 331$

17. उस विकल्प का चयन करें, जो पाँचवें अक्षर-समूह से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से सम्बन्धित है और चौथा अक्षर-समूह तीसरे अक्षर-समूह से सम्बन्धित है।

MASTER : TSAMRE : : SMILES : LIMSSE : : FLIMSY : ?

(a) MLYFIS (b) MILFYS
(c) FLIMYS (d) FILMYS

⊙ ***(b)*** जिस प्रकार, M A S T E R → T S A M R E

तथा S M I L E S → L I M S S E

उसी प्रकार, F L I M S Y → M I L F Y S

18. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो उन अक्षरों का निरूपण करता हो, जिन्हें निम्न अक्षर-श्रृंखला में क्रमानुसार बाएँ से दाएँ रखने पर वे श्रृंखला पूर्ति करेंगे।

_M_BAJMQ_A_MQB_J__B_

(a) J Q B J A M Q A (b) B Q A J M Q A B
(c) J A M M Q A B J (d) A M B Q J M J Q


➢ *(a)* दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है,
J M Q B A / J M Q B A / J M Q B A / J M Q B A
⇒ J Q B J A M Q A

19. उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएँ आपस में उसी प्रकार सम्बन्धित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ आपस में सम्बन्धित है।
(**नोट** : संख्याओं को उसके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर गणितीय संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13–गणितीय संक्रियाएँ जैसे कि जोड़ना/घटाना/गुणा करना इत्यादि 13 में किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 के रूप में विभाजित करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)
(212, 101, 111)
(256, 123, 133)
(a) (292, 122, 160) (b) (182, 74, 108)
(c) (240, 105, 110) (d) (196, 89, 91)

➢ *(b)* जिस प्रकार, (212, 101, 111) ⇒ 212 – 101 = 111
(256, 123, 133) ⇒ 256 – 123 = 133
उसी प्रकार, (182, 74, 108) ⇒ 182 – 74 = 108

20. 'P + Q' का अर्थ है 'P, Q की बेटी है।'
'P % Q' का अर्थ है 'P, Q का बेटा है।'
'P # Q' का अर्थ है 'P, Q की पत्नी है।'
यदि A + B # C % D # E, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) C, A का पिता है
(b) D, B के पति की माँ है
(c) B, E के बेटे की बहन है
(d) A, E के बेटे की बेटी है

➢ *(c)* प्रश्नानुसार,




अतः B, E के बेटे की बहन नहीं है।

21. विकल्पों में से गणितीय चिह्नों के उस सही संयोजन का चयन कीजिए, जिसे नीचे दिए गए समीकरण में * चिह्नों के स्थान पर रखने से समीकरण सन्तुलित हो जाएगी।
831 * 3 * 13 * 45 * 245 * 1
(a) =, ÷, +, –, × (b) =, ×, ÷, +, –
(c) =, –, ÷, +, – (d) ÷, +, –, =, ×

➢ *(d)* दिया गया व्यंजक, 831 * 3 * 13 * 45 * 245 * 1
विकल्प (d) से,
831 ÷ 3 + 13 – 45 = 245 × 1
⇒ 277 + 13 – 45 = 245
⇒ 290 – 45 = 245
⇒ 245 = 245

22. शहर C, शहर A के दक्षिण में स्थित है। शहर D, शहर A के पश्चिम में स्थित है। शहर B, शहर D के पूर्व में स्थित है। शहर E, शहर B के दक्षिण में और शहर C के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। शहर B के सापेक्ष शहर A की स्थिति ज्ञात कीजिए।
(a) पश्चिम (b) पूर्व
(c) उत्तर (d) दक्षिण


➢ *(a)* प्रश्नानुसार,



अतः शहर A, शहर B के पश्चिम में है।

23. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
420, 462, 506, ?, 600, 650, 702
(a) 564 (b) 552
(c) 562 (d) 554

➢ *(b)* दी गई श्रृंखला निम्न प्रकार है,



24. एक निश्चित कूटभाषा में, 'FUTURE' को '91' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'MONEY' को '72' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, उसी कूटभाषा में 'SECURE' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?
(a) 72 (b) 71 (c) 70 (d) 75

➢ *(b)* जिस प्रकार, $\overset{6\ 21\ 20\ 21\ 18\ 5}{F\ U\ T\ U\ R\ E} \Rightarrow 6 + 21 + 20 + 21 + 18 + 5 = 91$
तथा $\overset{13\ 15\ 14\ 5\ 25}{M\ O\ N\ E\ Y} \Rightarrow 13 + 15 + 14 + 5 + 25 = 72$
उसी प्रकार, $\overset{19\ 5\ 3\ 21\ 18\ 5}{S\ E\ C\ U\ R\ E} \Rightarrow 19 + 5 + 3 + 21 + 18 + 5 = \boxed{71}$

25. एक निश्चित कूटभाषा में, 'DAM' को '50' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PAD' को '47' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूटभाषा में 'MAP' को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?
(a) 38 (b) 42 (c) 40 (d) 36

➢ *(a)* जिस प्रकार,
D A M
4 1 13
↓ ↓ ↓ विपरीत
23 26 14 → (23+26+14)–13=50

तथा
P A D
16 1 4
↓ ↓ ↓ विपरीत
11 26 23 → (11+26+23)–13=47

उसी प्रकार,
M A P
13 1 16
↓ ↓ ↓ विपरीत
14 26 11 → (14+26+11)–13= $\boxed{38}$